छठ पर्व को लेकर डीएम ने किया घाटों का निरीक्षण

महराजगंज आज। छठ पर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं और व्रतियों की सुविधा के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को



जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने फरेंदा स्थित दुर्गा मंदिर के छठ घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी छठ घाटों पर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।डीएम ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को सभी घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने तथा मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों को सुगम बनाने और प्रवेश एवं निकास की अलग-अलग व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि भीड़ का दबाव न बढ़े।उन्होंने एसडीएम फरेंदा को घाटों पर पर्याप्त पुलिसकर्मी और वालंटियर तैनात करने को कहा। महिला व्रतियों की सुरक्षा के लिए सादी वर्दी में महिला

❖ सुरक्षा और स्वच्छता के दिए निर्देश

पुलिसकर्मियों की तैनाती तथा अराजक तत्वों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जलस्तर और गहराई का आकलन कर संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग, नाव और गोताखोरों की व्यवस्था करने को भी कहा।निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रेम शंकर पांडेय, तहसीलदार वशिष्ठ और अधिशासी अधिकारी अनुज भारती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

आनन्दनगर (आज)। फरेंदा-महराजगंज मार्ग पर खजुरिया चौराहे के पास बीते दिन हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। बताया जाता हैं कि रामविलास (50) निवासी मछलीगांव, थाना कैं पियरगंज, जनपद, गोरखपुर किसी काम से वह फरेंदा थाना क्षेत्र के खजुरिया चौराहे पैदल जा रहें थे तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान रात में उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में फरेंदा थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टेमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, दूसरा गंभीर

सिंदुरिया आज। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरिया से बागापार मार्ग पर स्थित पिपरा कल्याण मुर्गी फार्म के आस पास बुधवार की देर शाम दो बाइक चालकों की आमने सामने जबरजस्त टक्कर होने से एक बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ,जबकि दूसरा बाइक चालक गंभीर चोट लगने से गोरखपुर बी आर डी मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। मिली जानकारी अनुसार चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत तकरारी निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र साहनी पुत्र शंकर साहनी बुधवार की देर शाम सिंदुरिया से अपने घर जा रहे थे,अभी वह सिंदुरिया बागापार मार्ग स्थित पिपरा कल्याण मुर्गी फार्म के पास पहुंचे थे।तभी सिंदुरिया थाना क्षेत्र ग्राम हरिहरपुर टोला अकटहवा निवासी विशाल अपनी बाइक से



❖ पत्नी अंजू और दोनों बेटे राहुल व शेषमणि का रो रो कर बुरा हाल

बागापार सिंदुरिया मार्ग से अपने घर आ रहे थे। वह भी पिपरा कल्याण मुर्गी फार्म फार्म के पास पहुंचा ही था तभी दोनों बाइक चालकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गया। जिसमें 40 वर्षीय तकरारी निवासी सुरेंद्र साहनी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।घायल विशाल के परिजन सिंदुरिया स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में विशाल का इलाज कराया,आराम न मिलने पर जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच कर बी आर डी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया,जहां विशाल का इलाज जारी है।इस सम्बन्ध में सिंदुरिया थाना प्रभारी अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मृतक सुरेंद्र साहनी के शव को पी एम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया गया और उचित कार्यवाही की जा रही है।

छठ घाटों का निरीक्षण कर दिये साफ -सफाई का निर्देश

निचलौल (आज)। छठ महापर्व को लेकर निचलौल घाटों पर सजने लगीं वेदियां नगर पंचायत निचलौल



के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार मद्धेशिया ने सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों को साफ सफाई हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने बताया की आदर्श नगर पंचायत निचलौल के सभी छठ घाटों पर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। वो साफ सफाई की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा चुका है।छठ पूजा व्रती माताओं एवं बहनों की सुविधा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है।उनके अनुसारहमारा संकल्प है की छठ महापर्व सभी नगरवासियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुखद वातावरण में संपन्न हो।व्रती माता बहनों की सुविधा, ही हमारी प्राथमिकता है।इस दौरान नगर पंचायत के सभी कर्मचारी गण वार्ड के सभासद गण मौजूद रहे।

एक करोड़ से बनेगी केवलापुर-जिनवा टोला सड़क

महराजगंज आज। सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा देने



के लिए केवलापुर से जिनवा टोला तक 1100 मीटर लंबी सड़क का निर्माण एक करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। गुरुवार को सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने ग्राम सभा केवलापुर में विधिवत शिलान्यास कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़क निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। गांव, गरीब, किसान, युवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक प्रगति का आधार होती हैं। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जय हिंद चौधरी, राम सवारे यादव, धर्मेंद्र मौर्य, पारिखन गुप्ता, शिवाकांत गुप्ता, प्रदीप भारती, अजीत यादव, रणविजय चौधरी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

21 बोरी कद्दू बीज बरामद, तस्करी की कोशिश नाकाम

झुलनीपुर।22 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर के निर्देश पर तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में सशस्त्र सीमा बल पथलहवा के जवानों द्वारा 21 बोरी कद्दू बीज बरामद कर लिया। एसी संदीप सिंह के अनुसार सूचना प्राप्त हुई कि नेपाल की ओर से कद्दू बीज लाकर बॉर्डर से लगे गांव कनमिसवा टोला तिलबारी गांव में सीमा के नजदीक झाड़ियां में छुपा कर रखा गया है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पार्टी द्वारा सीमा स्तंभ संख्या 497/1 नो मैंस लैंड से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थिति तिलवारी गांव के निकट झाड़ियां में गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान झाड़ियां में सामान से भरे हुए कुछ प्लास्टिक के बोरे दिखाई दिए। जिसकी तलाशी लेने पर कद्दू बीज से भरी हुई कुल 21 बोरियां पाई गई। प्रत्येक बोरी 40 किलोग्राम वजन 840 किलोग्राम बरामद कर ली गई। जिसे कब्जे में लेकर सीमा शुल्क कार्यालय कस्टम निचलौल को सुपुर्द कर दिया गया।

गिरिजेश जायसवाल के क्षेत्रीय मंत्री मनोनयन होने पर हर्ष

सिसवा बाजार (आज)। भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग की नवघोषित गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यकारिणी में सिसवा नपाप के अध्यक्ष प्र गिरिजेश जायसवाल को क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर शुभचिंतक, समर्थक और भाजपाइयों ने खुशी व्यक्त करते हुए मिठाइयां बांटी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल और क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय की संस्तुति पर गठित गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यकारिणी में नपाप सिसवा के अध्यक्ष प्र गिरिजेश जायसवाल को क्षेत्रीय मंत्री बनाया गया है। उनकी नियुक्ति को संगठन में उनकी सक्रियता और राजनीतिक दायित्व विस्तार के रूप देखा जा रहा है। उनके मनोनयन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने माला पहनाकर



मिठाइयां बांटी और भाजपा संगठन विस्तार एवं पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की अपेक्षा व्यक्त की।

1.40 करोड़ की ठगी के आरोपियों के घरों पर चस्पा की कुर्की की नोटिस चस्पा

महराजगंज आज। नौकरी दिलाने और हर महीने वेतन देने का झांसा देकर 28 लोगों से करीब एक करोड़ 40 लाख 35 हजार रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कई बार दबिश के बावजूद चारों नामजद आरोपितों का सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने न्यायालय की प्रक्रिया के तहत उनके घरों पर कुर्की की नोटिस चस्पा की है।मामले के वादी श्याम चौहान निवासी पनियरा के अनुसार, विनोद यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो निजी कंपनियों में निवेश कराने के नाम पर लोगों से रकम जमा कराई थी। शुरुआत में कुछ समय तक भुगतान किया गया, लेकिन सितंबर 2024 से भुगतान बंद हो गया। रकम वापस मांगने पर पीड़ितों को कथित



रूप से धमकी दी गई।इस मामले में विनोद यादव पुत्र रामसागर यादव निवासी रुद्रपुर महुअवा, सुशील कुमार निगम, व किशुन कुमार निगम पुत्रगण रामनिवास और रश्मि बाला निवासी सरैया, टोला लठौरवा, गोरखपुर को मु0अ0स06/26 धारा, 111 (3) 318 (4) 351(2) 352व्हहर आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने इनके खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के मुताबिक, चारों आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। अब नोटिस चस्पा कर न्यायालय के आदेशानुसार आगे कुर्की की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। आरोपियों की तलाश जारी है।

पनियरा में 18 नवंबर को लगेगा वृहद रोजगार मेला

महराजगंज आज। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय महराजगंज एवं भगवंत पटेल पानमती देवी पीजी कॉलेज, बसहिया परतावल

❖ 2000 से अधिक पदों पर होगा चयन

के संयुक्त तत्वावधान में 18 नवंबर को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा पनियरा क्षेत्र स्थित कॉलेज परिसर में सुबह 10 बजे से रोजगार मेला शुरू होगा।

जिला सेवायोजन कार्यालय के अनुसार मेले में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इनके माध्यम से 2000 से अधिक रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 10 हजार से 40 हजार रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा।

रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक और बीटेक सहित तकनीकी एवं गैर तकनीकी योग्यता रखने वाले युवाओं को अवसर मिलेगा। खास बात यह है कि पूरी चयन प्रक्रिया निःशुल्क होगी।

धान क्रय केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

आनन्दनगर (आज)। किसानों से पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से धान खरीद सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने आनन्दनगर मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीद व्यवस्था का जायजा लेते हुए केंद्र प्रभारियों को किसानों के साथ विनम्र व्यवहार करने और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि आनन्दनगर मंडी में कुल आठ धान क्रय केंद्र संचालित हैं। इनमें खाद्य विभाग की विपणन शाखा के चार, नेफेड के तीन तथा मंडी समिति का एक केंद्र शामिल है। निरीक्षण के समय खाद्य विभाग के आनन्दनगर मंडी द्वितीय केंद्र पर बाजारडीह निवासी सत्येंद्र सिंह से 43.20 क्विंटल तथा तृतीय केंद्र पर इसी गांव के अजय प्रताप सिंह से 43.20 क्विंटल धान की तौल की जा रही थी। उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को प्रतिदिन समय से केंद्र पर उपस्थित रहने, अधिक से अधिक किसानों से धान खरीदने तथा खरीदे गए धान को शीघ्र संबंधित मिलों तक भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में क्रय केंद्रों पर धान लंबित नहीं रहना चाहिए।वहीं, मंडी समिति की जर्जर सड़कों और परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। मंडी सचिव ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए मई माह में ही टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपनिदेशक मंडी (निर्माण) को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही मंडी परिसर में किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा।डीएम ने किसानों से अपील की कि वे धान विक्रय के लिए खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्यः//द्बष्ह्य.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ अथवा यूपी किसान मित्र ऐप के माध्यम से पंजीकरण कराएं। समर्थन मूल्य का भुगतान सीधे बैंक खाते में प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराने और एनपीसीआई से मैपिंग सुनिश्चित करने की भी अपील की।

इस दौरान एसडीएम जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गोंडा ने मारी बाजी, गोरखपुर को हराया

महराजगंज आज। गोरखपुर जोन की उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक अंतरजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का फाइनल

मुकाबला शुक्रवार को गोरखपुर और गोंडा की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में गोंडा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए गोंडा की टीम ने 184 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी गोरखपुर की टीम 13 ओवर में महज 74 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह गोंडा ने मुकाबला जीत लिया।प्रतियोगिता में गोंडा के रिषेन्द्र (सूरज) को 48 रन बनाने और चार विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं अरविंद राय को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। उन्होंने प्रतियोगिता में 69 रन बनाने के साथ 12 विकेट हासिल किए। गोंडा के अमित गोंड को 108 रन बनाने पर बेस्ट बैट्समैन चुना गया।समापन अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चन्नप्पा और पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

सरस्वती ज्ञान मंदिर पर नशा मुक्ति और पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

झुलनीपुर (आज) महमना मालवीय मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को सरस्वती ज्ञान मंदिर मिश्रा नगर बैठवलिया के परिसर में पंचवटी और हरिशंकरी प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। महमना मालवीय मिशन सीमा जागरण मंच रूल ऑफ़ ला सोसाइटी समिति और गायत्री परिवार की ओर से यह आयोजन सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में नशे के बढ़ते प्रचलन पर रोक लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यात्रा के दौरान गांव और शिक्षण संस्थानों में जन चौपाल के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अवैध नशीले पदार्थों के उत्पादन खरीद बिक्री और सेवन के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है। पर्यावरण संरक्षण के तहत पंचवटी और हरिशंकरी प्रजाति के पौधे लगाने पर जोर दिया जा रहा है। लोगों को पौधों की



देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ- साथ शपथ दिलाई जा रही है। अभियान के जरिए जल और जीव संरक्षण को भी भागीदारी से जोड़ने की पहल की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक पेड़ लगाना, जल संरक्षण करना, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकना, प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली अपनाना, स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देना रहा। सोमेश वर्धन सिंह एडवोकेट एवं संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि जिस मां ने जन्म दिया है और जिस धरती पर हमने जन्म लिया है उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और उनकी रक्षा करना हमारा और आप सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री सीमा जागरण मंच सत्यदेव जी, संघ विचारक स्वात रंजन जी, जितेंद्र पाल सिंह, उमाशंकर पाल, दुष्यंत सिंह, दिनेश शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी सुनील राव सहित वन कर्मी मौजूद रहे।

बाल अधिकार सप्ताह आज से 20 नवंबर तक, बाल श्रम और बाल विवाह के खिलाफ चलेगा जागरूकता अभियान

निचलौल आज। बच्चों का सुरक्षित बचपन और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता जरूरी है। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति गोरखपुर के निदेशक फादर शाजी जोसेफ ने बताया कि बाल अधिकार प्रत्येक 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे का मौलिक अधिकार है। इसमें जीवन, विकास, संरक्षण और सहभागिता के अधिकार प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि विश्व बाल दिवस 2026 की थीम %मेरा दिन, मेरे अधिकार, मेरा भविष्य% के तहत 14 से 20 नवंबर तक बाल अधिकार सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, संवाद और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बाल श्रम, बाल विवाह तथा बाल तस्करी के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जाएगा।

ग्राम एवं ब्लॉक बाल कल्याण समितियों की बैठक आयोजित कर सुरक्षा तंत्र मजबूत किया जाएगा। साथ ही बाल संसद के सदस्यों का जनपद स्तरीय भ्रमण कराकर बच्चों की सहभागिता बढ़ाई जाएगी। बाल अधिकार हेल्प डेस्क के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई जाएगी।उन्होंने बताया कि संस्था गोरखपुर और बस्ती मंडल के सात जनपदों में अभियान चला रही है। बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी भी दी जा रही है।

गैस की कालाबाजारी का आरोप लगाकर सड़क पर लेटे अधिवक्ता, चार घंटे चला हंगामा

कोल्हुई (महराजगंज)आज। कोल्हुई थाना क्षेत्र के एकसड़वा में गुरुवार सुबह गैस सिलेंडर की कथित कालाबाजारी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कार्रवाई की मांग करते हुए अधिवक्ता नागेंद्र शुक्ला एकसड़वा-मोगलहा मार्ग पर लेट गए। इससे करीब चार घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें शांत कराया।



अधिवक्ता नागेंद्र शुक्ला के अनुसार, घर में गैस सिलेंडर खत्म होने पर उन्हें रईस नामक व्यक्ति द्वारा सिलेंडर बेचने की जानकारी मिली। वह संबंधित दुकान पर पहुंचे तो आरोप है कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने दुकानदार पर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने का भी आरोप लगाया।

मामले की जानकारी मिलने पर नौतनवां के सप्लाई इंस्पेक्टर हर्षवर्धन मौके पर पहुंचे और संबंधित दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान चार गैस सिलेंडर बरामद हुए। अधिकारियों ने सिलेंडरों के संबंध में जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस की मौजूदगी में मामला शांत हुआ।

पराली जलाने को लेकर 46 किसानों से 1,15 लाख वसूल किया गया जुर्माना

निचलौल आज। निचलौल तहसील के विभिन्न गांवो से पराली जलाने को लेकर 46 किसानों को गुरुवार को नोटिस दिया गया एव एक लाख पद्रह हजार का जुर्माना वसूला गया।एसडीएम अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि पराली जलाने से खेत के लाभदायक कीड़े मर जाने से जमीन ऊसर हो जा रही हैं,और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है।पराली जलाने वाले किसानों पर आगे भी कार्यवाई कर जुर्मानावसूला जायेगा। सभी हल्का लेखपाल को हिदायत दे दी गई है।

लंबी दौड़ प्रतियोगिता आज

सिसवा बाजार(आज)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को रोटरी क्लब निचलौल के तत्वाधान में बालक, बालिका वर्ग की लम्बी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष कैप्टन मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि बालक कनिष्ठ वर्ग का 2500 मीटर और वरिष्ठ वर्ग 5000 मीटर के अलावा बालिका वरिष्ठ वर्ग में 2500 मीटर की दौड़ भी आयोजित है। प्रतिभागी अपना आधार कार्ड, स्कूल कार्ड या विद्यालय से प्रमाणित परिचय पत्र लेकर सुबह साढ़े छह बजे तक महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कालेज के मैदान पर उपस्थित होकर भाग ले सकता है।

सड़क और नाला निर्माण कार्यों का शुभारम्भ

महराजगंज आज। नगर पालिका परिषद महराजगंज की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने शुक्रवार को नगर के दो वार्डों में विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। साहू जी महाराज नगर में महिला अस्पताल के सामने इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वहीं बिस्मिल नगर वार्ड में कन्हैया के मकान से कोमल के मकान तक प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य की शुरुआत कराई।



इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि महिला अस्पताल आने वाले मरीजों, तीमारदारों और स्थानीय नागरिकों को सड़क निर्माण से आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही जलनिकासी बेहतर होने से यातायात और पार्किंग व्यवस्था सुचारु बनाने में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि बिस्मिल नगर में नाला निर्माण पूरा होने से जलनिकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी और बरसात में जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और नागरिकों की समस्याओं का समाधान नगर पालिका की प्राथमिकता है।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, सभासद राहुल पांडेय, लालजी गुप्ता, राणा पटेल सहित संदीप त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय व अन्य लोग उपस्थित रहे।